प्रथम मध्य प्रदेश राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा

आरव, कियान, मृणाल, अनिका, आरोही, दीशा क्वार्टर फायनल में

इंदौर। मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में आयोजित यू.टी.टी. प्रथम राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा के पहले दिन विभिन्न आयु वर्गों में रोमांचक मुकाबले खेले गए। बालक अंडर-11 आयु वर्ग में आरव (उज्जैन), कियान, मृणाल, आर्य (सभी इंदौर) तथा बालिका अंडर-11 आयु वर्ग में अनिका, आरोही, भाव्यांशी, दीशा (सभी इंदौर), तविष्का (भोपाल) क्वार्टर फायनल में पहुंचे। अंडर-11 बालक वर्ग में आरव जैन (उज्जैन) ने दुर्वेश लोकरे (इंदौर) को 3-1, ने, कियान इंगले ने रचित जोशी (दोनो इंदौर) को 3-0 ने, कियान मेहता (इंदौर) ने वैदिक माहेश्वरी (भोपाल) को 3-2 से मृणाल सिंह ठाकुर (इंदौर) ने युवराज गुप्ता (रतलाम) को 3-0 से, आर्य गुप्ता ने यदुवीर सिंह सोलंकी (दोनो इंदौर) को 3-0 से परास्त कर क्वार्टर फायनल में प्रवेश किया। अंडर-11 बालिका वर्ग में अनिका माहेश्वरी ने जान्हवी पिपलिया (दोनो इंदौर) को 3-0 से, आरोही मोदी ने अनुष्का हजारी (दोनो इंदौर) को 3-0 से, भव्यांशी सोनी ने अनिंदिता बंसल (दोनो इंदौर) को 3-0 से, तविष्का सुंदर प्रभाला (भोपाल) ने विदिता यादव (इंदौर) को 3-0 से, दिशा खुवंशी ने सावी पहाड़िया (दोनो इंदौर) को 3-0 से परास्त कर क्वार्टर फायनल में जगह बनाई। अंडर-15 बालक वर्ग में वंश चौहान ने विराज शर्मा (दोनो इंदौर) को 3-1 से, अदम्य श्रीवास्त ने वरिज मित्तल ने आदीश जैन को 3-0 से, सार्थक खरे ने अतिवीर प्रजापत को 3-0 से मात दी। अंडर-15 बालिका वर्ग में सानवी सिंघल (इंदौर) ने नव्या जैन (उज्जैन) को 3-0 से, नव्या चतुर्वेदी (ग्वालियर) ने श्रावणी पटवर्धन (इंदौर) को 3-0 से, आरवी जैन ने क्षितिजा सोलंकी (दोनो इंदौर) को 3-0 से, सिद्धिश्वा जैन ने अंशिका परवाल (दोनो इंदौर) को 3-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। अंडर-19 बालक वर्ग में सारंग अग्रवाल (इंदौर) ने वरुण रायकवार (पन्ना) को 3-0 से, आद्विक राठौड़ (इंदौर) ने लक्ष होतवानी (मंदसौर) को 3-0 से, रक्षत चावड़ा (इंदौर) ने अच्युत मिश्रा (सतना) को 3-1 से, आरव कोठारी (भोपाल) ने अथर्व जैन (इंदौर) को 3-2 से हराया। अंडर-19 बालिका वर्ग में अन्या त्रिवेदी (इंदौर) ने सर्वज्ञ पांडे (भोपाल) 3-1 से, आकांक्षा ठाकुर (इंदौर) ने तनवी अवस्थी (भोपाल) को 3-0 से, तनिष्का राजपूत (इंदौर) ने रियांशी शर्मा (भोपाल) को 3-1 से, सौम्या जैन ने संस्कृति पांचाल (दोनो इंदौर) को 3-0 से परास्त कर अगले दौर में प्रवेश किया। स्पर्धा का शुभारंभ सांसद शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य व मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन से जयेश आचार्य, प्रमोद सोनी, रिंकु आचार्य, नीलेश वेद, गौरव पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीलेश परदेशी ने किया व आभार योगेन्द्र सिह चौहान माना

एमरल्ड हाइट्स स्कूल ने बढ़ाया प्रदेश का मान, जीता खिताब

इंदौर : मेजबान एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने पूरे मध्य प्रदेश का मान बढ़ाते हुए प्रतिष्ठित ऑल इंडिया आइपीएससी हैंडबॉल टूर्नामेंट में खिताबी सफलता हासिल की। इस टूर्नामेंट में देशभर की टीमों ने शिरकत की थी। स्पर्धा का पुरस्कार वितरण एमरल्ड हाइट्स स्कूल के निदेशक मुक्तेश सिंह के आतिथ्य में किया गया। इस दौरान स्कूल के खेल अधिकारी अकरम खान सहित सभी टीमों के खिलाड़ी और अधिकारी उपस्थित थे। स्पर्धा के अंडर-19 वर्ष बालक वर्ग में एमरल्ड हाइट्स की टीम ने पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर बीपीएस पिलानी की टीम को मिला। वहीं मोहाली के यादवेंद्र पब्लिक स्कूल को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इस आयु वर्ग में टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एमरल्ड हाइट्स के आगम जैन चुने गए जबकि एमरल्ड हाइट्स के हेमंत वाडियानी सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुने गए। श्रेष्ठ अटैकर नमन (बीपीएस पिलानी), सर्वश्रेष्ठ डिफेन्डर जस्ताज (वाइपीएस मोहाली) बने। अंडर-17 टीम स्पर्धा में एमरल्ड हाइट्स की टीम को नजदीकी अंतर से पिछड़ते हुए तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। इस वर्ग में पहले स्थान पर बीपीएस पिलानी और दूसरे पर मोहाली की टीम रही। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एमरल्ड हाइट्स स्कूल के विनय मोटवानी चुने गए।

दूसरे वनडे में इंग्लैंड की टीम लड़खड़ाई

भारत ने 234 रन का टारगेट दिया, कोहली-श्रेयस की फिफ्टी

कार्डिफ (एजेंसी)। भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में इंग्लैंड मुश्किल में दिख रहा है। टीम ने 234 रन का पीछा करते हुए 24 ओवर में 125 रन पर 5 विकेट गंवा दिए हैं।

भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट, प्रसिद्ध कृष्णा ने जैकब बेथेल, गुरनूर बरार ने कप्तान हैरी ब्रूक और शिवम दुबे ने सैम करन का विकेट लिया है। इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए भारत 44 ओवर में 233 रन पर ऑलआउट हो गया था। श्रेयस अय्यर (66) और विराट कोहली (65) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं और चौथे विकेट के लिए 67 रन जोड़े। आखिर में जसप्रीत बुमराह ने नाबाद 20 रन बनाकर टीम को 230 के पार पहुंचाया। इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर और गस एटकिंसन ने 3-3 विकेट लिए। जो रूट ने एक और फिफ्टी लगा दी। उन्होंने प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर एक रन लेकर 47वीं वनडे फिफ्टी जमाई। यह वनडे में 67वीं बार है, जब रूट ने 50 या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया। जो रूट ने एक और संभली हुई पारी खेलते हुए 72 गेंदों में 48 रन बना लिए हैं और अर्धशतक के करीब पहुंच गए हैं। दूसरे छोर पर जोस बटलर उनका साथ दे रहे हैं। 23 ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर 117/4 है और जीत के लिए उसे 27 ओवर में 117 रन की जरूरत है। शिवम दुबे ने भारत को चौथा विकेट दिलाया। उन्होंने सैम करन को विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच करावर जो रूट के साथ चौथे विकेट की 41 रन की साझेदारी तोड़ दी। करन ने 31 गेंदों में 26 रन बनाए, जिसमें 4 चौके शामिल रहे। शुरुआती तीन विकेट गिरने के बाद जो रूट और सैम करन ने इंग्लैंड की पारी को संभाल लिया है। 16 ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर 76/3 है। भारत ने शुरुआती ओवरों में इंग्लैंड के लगातार विकेट निकालकर दबाव में रखा। जो रूट एक छोर संभाले हुए हैं, लेकिन दूसरे छोर से विकेट गिरते रहे।

11वें ओवर में बार-बार स्कूप शॉट खेलने की कोशिश आखिरकार हैरी ब्रूक पर भारी पड़ गई। पहले इसी शॉट पर उन्होंने छक्का लगाया, फिर एक बार हेलमेट पर गेंद लगी और आखिरकार गुरनूर बरार की शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद पर बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर गेंद विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों में चली गई। 9वें ओवर में हैरी ब्रूक बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में चोटिल हो गए। गुरनूर बरार की गेंद पर स्कूप शॉट खेलने के प्रयास में बॉल उनके हेलमेट की ग्रिल पर जा लगी। इसके बाद फिजियो तुरंत मैदान पर पहुंचे और ब्रूक की जांच की। शुरुआती झटकों के बाद जो रूट ने जिम्मेदारी संभाली।

भारत: रोहित शर्मा, शुभमन गिल (कप्तान), विराट कोहली, ईशान किशन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, वॉशिंगटन सुंदर, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, गुरनूर बरार, प्रसिद्ध कृष्णा।

इंग्लैंड: बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रूक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), सैम करन, विल जैक्स, गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, साकिब महमूद, आदिल राशिद। समाचार लिखे जाने तक इंग्लैंड का स्कोर पांच विकेट पर 125 रन हो गए थे।

अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई

अटलांटा (ई)। अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को 2-1 से हराकर फीफा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया है। कप्तान लियोनेल मेसी का जादू आज फिर चला जिससे रोमांचक मुकाबले में अर्जेंटीना की टीम ने बाजी मार ली। अब अर्जेंटीना की टीम लगातार दूसरे बार विश्वकप जीतने के लिए स्पेन का मुकाबला करेगी। इसमें उसका खिताबी मुकाबला 19 जुलाई को न्यूजर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में स्पेन से होगा। वहीं पहले सेमीफाइनल में स्पेन ने फ्रांस को 2-0 से हराया था। अब शनिवार को तीसरे स्थान के लिए फ्रांस का मुकाबला इंग्लैंड से होगा। अटलांटा स्टेडियम में अर्जेंटीना ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए इंग्लैंड पर दबाव बनाने का प्रयास किया। गेंद पर नियंत्रण और गोल करने के अवसरों को लेकर दोनों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही। वहीं इंग्लैंड ने भी अर्जेंटीना पर कई हमले किये। दोनों टीमों की रक्षापंक्ति ने पहले हाफ में जबरदस्त खेल दिखाया जिससे एक भी गोल नहीं हो पाया।

वहीं दूसरे हाफ की शुरुआत से ही इंग्लैंड ने हमले शुरू कर दिए। मैच के 55वें मिनट में मोर्गन रोजर्स के शानदार पास पर एंथनी गॉर्डन ने सीधे गेंद गोल गोल पोस्ट में डाल दी। इससे इंग्लैंड को मुकाबले में 1-0 की बढ़त मिल गयी। इस गोल के बाद इंग्लैंड के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ गया और उन्होंने लगातार अर्जेंटीना पर दबाव बनाए रखा। जिससे ऐसा लगने लगा था कि अर्जेंटीना के लिए वापसी करना कठिन होगा। वहीं एक गोल से पिछड़ने के बाद गत चैम्पियन अर्जेंटीना ने कप्तान मेसी की सहायता से एक गोल कर स्कोर बराबरी पर ला दिया। मैच के 85वें मिनट में मेसी के एक बेहतरीन पासपर एंजो फर्नांडेज ने गेंद गोल में डालने में कोई गलती नहीं की और स्कोर को 1-1 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद इंजरी टाइम में अर्जेंटीना ने तेजी से हमले शुरू कर दिये मेसी ने एक बार फिर अपनी महानता दिखाते हुए एक बेहतरीन पास दिया। जिसे गोल में बदलकर लाउतारो मार्टिनेज ने अर्जेंटीना को 2-1 की निर्णायक बढ़त दिला दी। अंतिम 7 मिनटों में किए गए इन दो गोलों से अर्जेंटीना ने जीत हासिल करते हुए लगातार दूसरी बार फीफा विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया अब उसका लक्ष्य खिताब जीतना रहेगा।

मेसी ने बनाया महारिकार्ड

अटलांटा (ई)। अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने अपने जादुई प्रदर्शन से टीम को फीफा विश्वकप फाइनल में पहुंचाने के दौरान ही एक नया विश्व रिकार्ड भी अपने नाम किया है। इंग्लैंड के खिलाफ हुए रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में मेसी ने दो गोल करने में असिस्ट (सहायता) की इससे उनकी टीम को 2-1 से जीत मिली। इसके साथ ही मेसी के नाम अब विश्वकप में कुल 12 असिस्ट दर्ज हो गए हैं। इन 12 में से 10 असिस्ट उन्होंने टूर्नामेंट के बेहद दबाव भरे नॉकआउट मुकाबलों में किए हैं, जो उनकी असाधारण खेल समझ और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता को दिखाते हैं। आंकड़ों के अनुसार मेसी इस अभूतपूर्व मुकाम तक पहुंचने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। गौरतलब है कि विश्व कप के पूरे इतिहास में किसी अन्य खिलाड़ी ने 8 से अधिक असिस्ट नहीं किए हैं, जो मेसी की उपलब्धि को और भी खास बना देता है। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने गोल के कई प्रयास किए लेकिन कोई भी टीम सफलता हासिल नहीं कर पाई। वहीं दूसरे हाफ की शुरुआत में इंग्लैंड ने 55वें मिनट में एंथनी गॉर्डन के गोल से 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद अर्जेंटीना की ओर से लगातार प्रयास जारी रहे, और मुकाबले के आखिरी 7 मिनटों में टीम ने एक जबरदस्त वापसी करते हुए मैच का रुख ही पलट दिया। मैच के 85वें मिनट में मेसी के एक बेहतरीन पास पर एंजो फर्नांडेज ने एक गोल दाग दिया। जिससे स्कोर 1-1 से बराबरी पर आ गया। इसके बाद मेसी ने फिर असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए एक शानदार पास दिया, जिसे लाउतारो मार्टिनेज ने हेडर की मदद से गोल में बदलने में कोई गलती नहीं करते हुए अर्जेंटीना को मैच में 2-1 से आगे कर दिया।

एमरल्ड हाइट्स और सत्यसाई विद्या विहार स्कूल को खिताब

इंदौर : एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल और सत्यसाई विद्या विहार की टीमों ने एमरल्ड गोल्ड कप फुटबॉल स्पर्धा में क्रमशः बालक और बालिका वर्ग में खिताबी जीत दर्ज की। पृथ्वी सिंह ठाकुर और गीतिका स्पर्धा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। पुरस्कार स्कूल की डायरेक्टर हर्षिता सिंह एवं खेल अधिकारी अकरम खान ने पुरस्कार वितरण किया। बालक वर्ग के फाइनल में एमरल्ड हाइट्स स्कूल ने डीपीएस निपानिया को 3-1 से पराजित किया। खेल के 12वें मिनट में डीपीएस के ध्रुव ने विपक्षी गोलकीपर की गलती का फायदा उठाकर अपनी टीम के लिए पहला गोल दागा। जवाब में एमरल्ड के खिलाड़ियों ने आक्रमण तेज किया। लेफ्ट विंग खिलाड़ी धनिष्ठ मेहता ने बराबरी का गोल दागा। मध्यांतर के बाद एमरल्ड के पृथ्वी सिंह ठाकुर ने 37वें मिनट में गोल कर टीम को 2-1 से आगे किया और अंतिम क्षणों में स्ट्राइकर सिद्धांत घाघ ने मैदानी गोल कर अपनी टीम को 3-1 से जीत दिला दी। बालिका वर्ग के फाइनल में सत्यसाई विद्या विहार ने सेंट रेफियल्स को 3-0 से हराया। सत्यसाई स्कूल ने शुरुआत से ही तेज खेल दिखाया। खेल के तीसरे और 12वें मिनट में गितिका शर्मा ने दो गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। खेल के 21वें मिनट में रिया ने 20 गज की दूरी से गोल कर अपनी टीम को 3-0 से आगे कर दिया। यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। बालक वर्ग में लॉरेंस स्कूल ने एमरल्ड हाइट्स-बी को 2-1 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में एमरल्ड हाइट्स ने चोइथराम नार्थ कैंपस को 1-0 से हराकर कांस्य पदक जीता। बालक वर्ग के पुरस्कार विजेता : सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ीः पृथ्वी सिंह ठाकुर (एमरल्ड हाइट्स), बेस्ट गोलकीपरः सिद्धार्थ सिंह (लॉरेंस स्कूल)।



एमरल्ड हाइट्स को ऑल इंडिया शतरंज स्पर्धा में सफलता

इंदौर। मेजबान एमरल्ड हाइट्स के शतरंज खिलाड़ियों ने देशभर से आए खिलाड़ियों के बीच अपनी दिमागी ताकत का दबदबा बनाया। प्रतिष्ठित ऑल इंडिया आइपीएससी शतरंज स्पर्धा के टीम वर्ग में मेजबान टीम ने सभी वर्गों में पदकीय सफलता हासिल की। राउ स्थित एमरल्ड हाइट्स स्कूल परिसर में आयोजित स्पर्धा में देश के विभिन्न राज्यों की टीमों ने चुनौती पेश की। अंडर-17 आयु की टीम स्पर्धा में इंदौर के खिलाड़ियों ने अपने दिमागी कौशल से दबदबा बनाया। मेजबान एमरल्ड हाइट्स स्कूल की टीम चैंपियन बनी। टीम का प्रतिनिधित्व शौर्य जैन, हर्ष माहेश्वरी, निहाल अविनाश भाला, कर्मण्य चोपड़ा और तिभोर कुलश्रेष्ठ ने किया। दूसरा स्थान रायपुर के राजकुमार कॉलेज ने हासिल किया। इस टीम में विवान गुप्ता, लक्ष्य गुप्ता, विहान अग्रवाल, श्रेय अग्रवाल और सोहम जौलकर शामिल थे। दिल्ली के मॉडर्न स्कूल की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दिल्ली की टीम का प्रतिनिधित्व कियान अग्रवाल, प्रद्युमन गुप्ता, कृषिव सिंघल, अथर्व भार्गव, आरव कपूर ने किया।

अंडर-19 आयु वर्ग में पहला स्थान इंदौर के ग्रेली कॉलेज की टीम ने हासिल किया।

54वीं मध्यप्रदेश एक्वेटिक चैंपियनशिप का शुभारंभ, प्रदेशभर के तैराकों ने लिया हिस्सा

इंदौर। मध्यप्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में एवं इंदौर डिस्ट्रिक्ट स्विमिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित 54वीं मध्यप्रदेश एक्वेटिक चैंपियनशिप (सब जूनियर) का शुभारंभ गुरुवार को इंदौर में हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन प्रातःकाल से विभिन्न तैराकी स्पर्धाओं का आयोजन किया गया तथा सायंकाल औपचारिक उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मध्यप्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री पियूष शर्मा, सचिव श्री जय वर्मा, उपाध्यक्ष श्री लोकेन्द्र सिंह राठौर, कोषाध्यक्ष श्री योगेन्द्र सिंह राठौर, श्री मनीष बिरथरे, श्री गौरव द्विवेदी, श्री सागर टोंडे, राजेंद्र उपाध्याय , श्री मोहित इमोलिया एवं श्री मनीष इमोलिया द्वारा किया गया। मध्यप्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं तकनीकी अधिकारी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा, जहां वे मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उद्घाटन समारोह में सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता का समापन 18 जुलाई को होगा, जिसमें विभिन्न स्पर्धाओं के विजेता

खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के प्रथम दिन इंदौर के खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त किए स्वर्ण पदक विजेता (Gold Medalists) कृषिव दोशी - इंदौर, पहल साहू - इंदौर, शौर्य मुच्छाल - इंदौर, रूनही गोपालिया - इंदौर, समाग्रा सेठी - इंदौर, नव्या शर्मा - इंदौर,कृषिव दोशी - इंदौर ,आरुष खिरोडकर - इंदौर, निशिका भूषण - इंदौर व्योम पाटीदार - इंदौर, शाम्भवी सरकार - इंदौर,मौलिक दावर - इंदौर, हार्मनी जैन - इंदौर, ?? रजत पदक विजेता (Silver Medalists) विकास जाटव - नीमच, रुद्रांशी गेहलोत - नीमच, तेजस बाथम - भोपाल, इनाया छाबड़ा - राजगढ़, नमन गेहलोत - नीमच, अरिस्ता जैन - इंदौर, अध्ययन राजपूत - इंदौर, आर्यामिहित पाहवा - इंदौर,इनाया छाबड़ा - राजगढ़, तनिष्क झारिया - जबलपुर, माही जोशी - इंदौर, ईशान सिंह सेंगर - भोपाल, अन्वी शर्मा - सागर, देवांश कौशल - इंदौर, ध्रुविका चिंतामण - इंदौर, विकास जाटव - नीमच,मानसा चंदेल - इंदौर, कांस्य पदक विजेता (Bronze Medalists)- अनंव चौधरी - भोपाल, ,मॉली आहूजा - भोपाल, हृदय अभिषेक अग्रवाल - राजगढ़, कायराह पर्यानी - इंदौर, दिव्यांश कौशल - इंदौर, किमाया तिवारी - भोपाल, आरोन डेविड - नर्मदापुरम, हृदय अभिषेक अग्रवाल - राजगढ़, कनक विजयवर्गीय - इंदौर, वीरदेव सिंह - इंदौर, परिनिधि रसिया - राजगढ़, कबीर कश्यप - जबलपुर, इनाया छाबड़ा - राजगढ़, युवराज दीवान - इंदौर,अनायरा ओस्टवाल - इंदौर, विदित त्रिपाठी - ग्वालियर, जस्मिन हुसैन - उज्जैन।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व नाम प्रिया पोरवाल (Priya Porwal) था, जो मेरे पुराने पासपोर्ट क्रमांक N6702761 में अंकित है। अब से मैं अपने सभी शासकीय, विधिक एवं निजी कार्यों में प्रिया जैन (Priya Jain) नाम का ही उपयोग करूंगी। अतः भविष्य में Priya Porwal एवं Priya Jain एक ही व्यक्ति के नाम माने जाएं।

प्रिया जैन पत्नी- राहुल पोरवाल
पता-बी-बी.2, 1202, डी-अनेंट, गोरानी कंपाउंड, 41, केसरबाग रोड, ओल्ड आरटीओ रोड, अमीजिट लोकमान्य नगर, वार्ड नंबर 72, इंडोर क्रमांक 15, वीटीसी इंदौर (म.प्र.)

ज़ाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि **सीए. ऋचा खंडेलवाल**, (पुत्री: स्वर्गीय सीए. विजेश कुमार खंडेलवाल - सदस्य संख्या: 073830) द्वारा **मेसर्स वी. खंडेलवाल एण्ड कंपनी** (एफ.आर.एन.: 004939C) फर्म को, भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (ICAI) की स्वीकृति हेतु, अपने नाम से अधिग्रहीत करने का प्रस्ताव किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित अधिग्रहण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो उसे आवश्यक दस्तावेज़ों सहित लिखित रूप में **आईसीएआई की सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल,** (कार्यालयीन पता: आईसीएआई भवन, पोस्ट बॉक्स नं. 314, 16/77-B, सिविल लाइन्स, रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के पीछे, कानपुर - 208001) को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि के **15 दिनों** में दर्ज करवा सकता है। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मान लिया जाएगा कि प्रस्तावित अधिग्रहण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है।